भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2728

17 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पुरी में गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय का उन्नयन किया जाना

2728. श्री शुभाशीष खुंटिया:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय और अस्पताल, पुरी को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के उपग्रह केंद्र के रूप में उन्नत करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्यों में एआईआईए के उपग्रह केंद्र स्थापित करने के लिए कोई मानदंड और नियम निर्धारित किए गए हैं, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या ओडिशा को तृतीयक स्तर के आयुष संस्थानों को सुदृढ़ करने की किसी विस्तार योजना में शामिल किया गया है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): वर्तमान में, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के अनुषंगी केंद्र के रूप में गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय और अस्पताल, पुरी के उन्नयन के संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। हालांकि, 1 फरवरी, 2026 को केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करने के दौरान तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) स्थापित करने की घोषणा की गई है।

*****